# निपुण विद्यालय आकलन 2024

## DIET प्राचार्य एवं SRG उन्मुखीकरण
## ( कार्यशाला सारांश )

दिनांक - 10 /12 /2024

आज दिनांक 10/12/2024 को निपुण विद्यालय आकलन दिसम्बर 2024 के सम्बन्ध में DIET प्राचार्य एवं SRG सथियों की ऑन लाइन उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा किया गया |कार्यशाला का शुभारम्भ श्री आनंद पाण्डेय जी गुणवत्ता प्रकोष्ठ राज्य परियोजना कार्यालय द्ववारा किया गया |श्री पाण्डेय जी द्वारा अपने प्रेरणा दायी उद्बोधन के माध्यम से सभी को दिसम्बर माह में प्रस्तावित डाइट led असेसमेंट की सम्पूर्ण झांकी का चित्रण किया गया |

**प्रथम सत्र -श्री आनंद पाण्डेय**

आज की कार्यशाला का प्रथम सत्र उद्बोधन सत्र व कार्यशाला का सामान्य परिचय सत्र श्री पाण्डेय जी द्वारा संचालित किया गया | श्री पाण्डेय जी द्वारा कार्यशाला के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया | उन्होंने बताया -

- भारत सरकार द्वारा निपुण लक्ष्य में संशोधन किया गया जिसके आधार पर पूर्व में निर्धारित निपुण लक्ष्य में संशोधन करते हुए राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा प्रेषित किया जा चुका है |
- डाइट led असेसमेंट इन्ही नवीन दक्षताओं के आधार पर ही किया जायेगा |
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा बालवाटिका से कक्षा 2 तक भाषा एवं गणित में पैटर्न भी निश्चित किया गया है अतः डाइट led असेसमेंट में इसी पैटर्न पर प्रश्न दिए जायेगे |
- डाइट led असेसमेंट दिनांक 16 दिसम्बर 2024 से 28 दिसम्बर 2024 के मध्य पूरे प्रदेश में आयोजित किया जायेगा |
- आज देर रात पूरे प्रदेश के समस्त जनपदों की लिस्ट प्रेषित कर दी जाएगी जिनका असेसमेंट दिसम्बर माह में किया जायेगा |
- लिस्ट जारी होने के 2 दिवसों के अन्दर पूरे जनपद के समस्त विद्यालयों का रोस्टर प्राचार्य डाइट की अध्यक्षता में srg साथियों के साथ मिलकर तैयार कर लिया जाये |
- समस्त SRG इस मिशन में साउंड नॉलेज रखते है इसलिए पूरे जनपद की रणनीति बनाने में डाइट प्राचार्य के साथ अग्रणीय भूमिका में रहे |
- पूरे जनपद के समस्त शिक्षको का प्रशिक्षण अति शीघ्र संपन्न कर लिया जाये |
- डी एल एड प्रशिक्षुओ हेतु निपुण लक्ष्य ऐप अपग्रेडेड वर्जन का होगा जिसमे हर प्रकार की तकनीकी समस्या का निदान किया जा चुका होगा |

Scanned with OKEN Scanner

- समस्त SRG डी एल एड प्रशिक्षुओं का अभिमुखीकरण करके उन्हें पूर्ण दक्ष बनाने में मदद करे |
- निपुण लक्ष्य ऐप में विशेष तकनीकी परिवर्तन किया गया है जिसके बारे में पूर्ण विस्तार से तकनीकी टीम स्पष्ट करेगी |
- आप सभी से अनुरोध है की कृपया इस आकलन हेतु पूर्ण पारदर्शिता अपनाते हुए आकलन पूर्ण करवाए |
- <u>सत्र 2 - तकनीकी सत्र ( पार्ट 1 ) श्री आयुष कुमार</u>
- दूसरा सत्र तकनीकी सत्र प्रथम था जिसका सञ्चालन निपुण भारत सेल से श्री आयुष कुमार जी द्वारा किया गया | श्री आयुष जी द्वारा इस सत्र में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी -
- पिछले सत्र में पूरे प्रदेश में कुल 68352 का आकलन किया गया जिसमे 16000 + निपुण घोषित किये गए |
- निपुण घोषित करने के बाद उनका जनपद स्तर पर सम्मान किया गया |
- इस वर्ष आज यानि 10 दिसम्बर को पूरे प्रदेश की सूची फाइनल कर प्रेषित की जाएगी |
- 12 दिसम्बर तक रोस्टर बनाया जायेगा
- समस्त समस्याओं को SRG समूह में रखा जाये यदि कोई हो तो ,उनका समाधान किया जायेगा |
- दिनांक 16 दिसम्बर से 28 दिसम्बर के मध्य, प्रदेश के समस्त जनपदों के चयनित विद्यालयों में आकलन संपन्न किया जायेगा |
- रोस्टर बनाते समय ध्यान रहे की 2 प्रशिक्षुओं की एक टीम बनायीं जाएगी
- रोस्टर बनाने के बाद SPO द्वार साझा की गयी एक शीट जिसमे विद्यालय व् आकलन से सम्बंधित डिटेल मांगी गयी होगी डाइट द्वारा SPO को प्रेषित की जाएगी
- रोस्टर बनाते समय इस बात का भी ध्यान दिया जाये की जिस ब्लाक या क्षेत्र में किसी प्रशिक्षु की ड्यूटी लगायी जाये तो वह उसी क्षेत्र के अन्य विद्यालय का भी कर सके ताकि परेशानी न हो |
- एक टीम एक दिन में केवल 2 विद्यालयों का ही आकलन कर पायेगी इसके अलावा उनका ऐप अनुमति ही नहीं देगा |
- डाइट प्राचार्य BSA से समन्वय बनाते हुए सूची पर काम करेगे |
- SPO द्वारा प्रशिक्षुओं के लिए एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जायेगा समस्त प्राचार्य प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण हेतु प्रेरित व् निर्देशित करेगे |
- डाइट led आकलन के माध्यम से विद्यालयों को निपुण विद्यालय घोषित किया जायेगा |
- आकलन परिणाम के पश्चात निपुण सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा |
- <u>आकलन के समय जिला कैडर द्वारा ध्यान देने योग्य बातें</u>
- समस्त विद्यालयों का आकलन 28 दिसम्बर तक पूर्ण किया जाये

Scanned with OKEN Scanner

- SPO द्वार प्रशिक्षुओं का सत्र आयोजन के बाद SRG द्वार प्रशिक्षुओं का एक सत्र लिया जायेगा
- आकलन के दिन समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे
- ऐप में दर्शाए सभी बच्चों का आकलन अनिवार्य है |
- जनपद स्तर पर एक कंट्रोल रूम बनया जाये
- प्रशिक्षुओं को आने वाली समस्या का समाधान स्वयं कण्ट्रोल रूम द्वारा या विद्या समीक्षा केंद्र द्वारा किया जाये |
- <u>निपुण लक्ष्य ऐप में नयी सुविधाएँ</u>
- छात्र फोटो
- छात्र का नाम पुकारना
- परीक्षकों के लिए SOS बटन
- GEO FENCED आकलन
- रविवार को आकलन निषिद्ध
- परीक्षकों द्वारा सेल्फ ATTESTATION
- अनुचित आकलन की पहचान
- <u>तृतीय सत्र ( तकनीकी सत्र पार्ट 2 ) श्री लक्ष्य जैन निपुण भारत सेल</u>
- तृतीय सत्र निपुण भारत सेल से श्री लक्ष्य जैन जी द्वारा संचालित किया गया | श्री लक्ष्य जी द्वारा इस सत्र में निपुण लक्ष्य एवं प्रश्नों के उदाहरण से सम्बन्धित समझ पर प्रतिभागियों का उन्मुखीकरण किया गया |
- <u>कक्षा 1 भाषा</u>
- 5 सरल शब्दों से बने 4 में से 3 वाक्य पढ़ लेते है ( लक्ष्य )
- विद्यार्थी ने सही ढंग से वाक्य पढ़े ( सही उत्तर )
- 5 सरल शब्दों से बने हुए 2 वाक्यों को सुनकर लिखना ( लक्ष्य )
- 8 या 8 से अधिक शब्द सही लिखे ( सही उत्तर )
- <u>कक्षा 1 गणित</u>
- संख्या ज्ञान , आकृति , मुद्रा की पहचान ( 20 तक से सम्बन्धित ) से सम्बंधित 4 में से 3 प्रश्नों को सही हल कर लेते है |( लक्ष्य )
- संख्याओं की सही पहचान , संख्या पैटर्न पूरा करना, चित्र पैटर्न पूरा करना मुद्रा पहचान करना
- संख्या क्रिया से सम्बंधित एक अंकीय जोड़ और घटाव के 4 में से 3 प्रश्नों को सही हल कर लेते है ( लक्ष्य )
- <u>कक्षा 2 भाषा</u>
- सरल शब्दों से बने 6-8 वाक्यों के आयु उपयुक्त अज्ञात अनुच्छेद को उचित प्रवाह , स्पष्टता से पढना (लक्ष्य )
- दिए गए 60 शब्दों में से 45 शब्द सही पढ़ लेता हो , स्क्रीन 2 मिनट्स तक खुली रहेगी
- अनुच्छेद आधारित 4 में से 3 प्रश्नों के सही उत्तर देते है ( लक्ष्य )

Scanned with OKEN Scanner

- 5 सरल शब्दों से बने हुए 4 वाक्यों को सुनकर लिखना ( लक्ष्य )
- दिए गए चार वाक्यों में विद्यार्थी ने 15 या 15 से अधिक शब्द सही लिखे |
- **कक्षा 2 गणित**
- संख्या ज्ञान आकृति और मुद्रा लेनदेन ( 100तक से सम्बंधित )4 में से 3 प्रश्नों को सही हल कर लेते है ( लक्ष्य )
- संख्याओं की पहचान , संख्या पैटर्न को पूरा करना , चित्र पैटर्न को पूरा करना इबारती सवाल ( मुद्रा पर आधारित )
- संख्या क्रिया से सम्बन्धित दो अंकीय जोड़ व् घटाव व् सरल गुना एवं भाग के 4 में से 3 प्रश्नों को सही हल कर लेते है ( लक्ष्य )
- 25+54=, 82-47 =,2+2+2 =6 का गुणन कथन ,बराबर बराबर विभाजन

**सत्र 4 खुला सत्र**

- इसके बाद एक खुला सत्र रखा गया जिसमे विभिन्न साथियों जैसे श्री सौरभ आर्य srg बाँदा श्रीप्रशांत ओझा srg प्रयागराज ,डाइट अलीगढ ,डाइट सुल्तानपुर से श्री हरिओम त्रिपाठी ,श्रीमती मसर्रत फातिमा श्री संतोष कुमार srg मैनपुरी श्री धर्मेन्द्र कुमार srg झाँसी द्वारा विभिन्न समस्याएं राखी गयी जिनका समाधान तकनीकी टीम व् श्री आनंद पाण्डेय जी द्वारा दिया गया |
- **सत्र 5 समापन सत्र**
- समापन सत्र में श्री आनंद पाण्डेय जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एक निष्पक्ष एवं पारदर्शी आकलन करवाने का आवाहन किया और सभी को अग्रिम शुभकामनायें दते हुए आज के अभिमुखीकरण कार्यशाला का समापन किया |
- || धन्यवाद ||

Scanned with OKEN Scanner